आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 09.02.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में छात्रों से बातचीत की।
- उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने उप कारागार हल्द्वानी में कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष अध्ययन केंद्र स्थापित किया।
- औली में आगामी 13 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले नेशनल स्कीइंग चैम्पियनशिप व औली विंटर कार्निवाल की तैयारियां अंतिम चरण में।
- मौसम विभाग ने राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में छात्रों से बातचीत की। आज जारी किए गए वीडियो में प्रधानमंत्री ने छात्रों से परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के बारे में बातचीत की। इस दौरान श्री मोदी ने छात्रों को छोटे स्टार्ट–अप के साथ अपनी उद्यमिता यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे वास्तविक दुनिया की प्रणालियाँ कैसे काम करती हैं, यह समझने के लिए उद्योग के पेशेवरों से संपर्क करें और पाठ्य पुस्तकों से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें।

प्रधानमंत्री ने नागरिक जिम्मेदारी के महत्व पर भी ज़ोर दिया और छात्रों से कचरा न फैलाने, सड़कों पर न थूकने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने और भोजन की बर्बादी से बचने जैसे बुनियादी नियमों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनुशासित दैनिक व्यवहार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**अध्ययन केंद्र**

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने उप कारागार हल्द्वानी में कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने जेल परिसर में विशेष अध्ययन केंद्र स्थापित किया है, जिससे कैदी अब जेल में रहते हुए भी विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश ले सकेंगे। इसको लेकर उप कारागार में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के निदेशक, क्षेत्रीय सेवाएं, प्रोफेसर गिरिजा पांडे ने कहा कि शिक्षा का लाभ सभी तक पहुंचना चाहिए और इस पहल से कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कदम कैदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद करेगा। कारागार के अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। कार्यक्रम में उपस्थित कैदियों ने इस पहल को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

**मोदी मैदान कायाकल्प**

ऊधमसिंह नगर जिले में औद्योगिक नगरी के रूप में मशहूर जिला मुख्यालय रुद्रपुर अब खेल प्रतिभाओं के हब के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित करने की तरफ अग्रसर है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की ओर से मोदी मैदान में प्रस्तावित अत्याधुनिक इंडोर और आउटडोर स्टेडियम परियोजना, शहर के ढांचागत विकास को तेज गति देगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन ने बताया कि मोदी मैदान में बच्चों के लिए ओपन गार्डन बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 67 हजार स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल पर निर्माण कर अलग–अलग जोन बनाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 20 करोड़ के शुरुआती बजट में बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया, रनिंग ट्रैक, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए थिएटर सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

**स्कीइंग चैम्पियनशिप**

चमोली जिले में स्थित विश्व विख्यात हिमक्रीड़ा केंद्र औली में आगामी 13 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले नेशनल स्कीइंग चैम्पियनशिप व औली विंटर कार्निवाल को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रतियोगिता में सेना, आईटीबीपी और सीआरपीएफ सहित देश के 13 राज्यों की टीमें भाग लेंगी। स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय भट्ट ने बताया कि अब तक 13 राज्यों के साथ ही सेना, आईटीबीपी और सीआरपीएफ की टीमों से इस आयोजन में शामिल होने की पुष्टि प्राप्त हो चुकी है। गौरतलब है कि शीतकालीन क्रीड़ा केंद्र औली में पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर की स्कीइंग प्रतियोगिताएं, औली महोत्सव और सैफ विंटर गेम्स का सफल आयोजन हो चुका है। इस वर्ष भी औली की विश्वस्तरीय और मनोरम स्कीइंग स्लोप पर देशभर के स्की खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**खनन**

रुद्रप्रयाग जिले में अलकनंदा और अन्य नदी किनारे चिन्हित 12 विभिन्न स्थानों पर खनन पट्टों का संचालन किया जाएगा। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि इस वर्ष रिवर ड्रेजिंग कार्य को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है, ताकि नदियों के बहाव को सुव्यवस्थित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस पहल से नदियों को उनका प्राकृतिक मार्ग मिलेगा, जल प्रवाह में सुधार होगा और नदी तटवर्ती क्षेत्रों में कटान व जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। साथ ही स्थानीय काश्तकारों और बस्तियों को संभावित नुकसान से बचाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इन पट्टों के लिए गत दो फरवरी को निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं, जिनसे जिले को लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़, देहरादनू, टिहरी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं—कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। राज्य के शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस बीच, राजधानी देहरादून में आंशिक रूप से बादल छाए हैं। वहीं, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा और बागेश्वर में भी बादल छाए हैं।

**सत्यापन अभियान**

हरिद्वार में बिना सत्यापन किराएदार रखने के मामलों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। जिले के कोतवाली रानीपुर, भगवानपुर और रुड़की क्षेत्र में चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान 40 मकान मालिकों पर चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही बिना सत्यापन जिले में रह रहे कई लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई। वहीं, पुलिस प्रशासन ने मकान मालिकों से अपील की है कि वे किराएदार रखने से पहले उनका विधिवत सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके।